website

**Urgent**
**Reminder-I**

संख्या शिक्षा एच प्रा0 (6)-4-14/2024-25
प्रारिम्भक शिक्षा निदेशालय
हिमाचल – प्रदेश

दिनांक शिमला 171001 मई, 2024

सेवा में

1 समस्त उप निदेशक (प्रारिम्भक शिक्षा )
हिमाचल – प्रदेश
2 समस्त उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा )
हिमाचल – प्रदेश
3 समस्त खण्ड प्रारिम्भक शिक्षा अधिकारी
हिमाचल – प्रदेश

विषय:- पी0 एम0 पोषण योजना के अर्न्तगत प्रदेश की पाठशालाओं में लाभार्थी बच्चों को प्रदान किए जाने वाले मध्याह्न भोजन में ताजा हरी पत्तेदार सब्जियों /अन्य हरी सब्जियों के उपयोग बारे दिशा–निर्देश।

महोदय ,

उपरोक्त विषय पर आपको विदित है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण NFHS–4 के आकंडो अनुसार प्रदेश के ज्यादातर बच्चों में अनिमिया (खून की कमी) के लक्षण पाये गये है, जिसमें सुधार लाने हेतु यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश की पाठशालाओं में लाभार्थी बच्चों को प्रदान किए जाने वाले मध्याह्न भोजन में प्रतिदिन स्थानीय स्तर पर उगाई जाने वाली/उपलब्ध ताजा हरी पत्तेदार सब्जियों /अन्य हरी सब्जियों का उपयोग/सेवन करवाना सुनिश्चित किया जाए क्योकि यह बच्चों में कुपोषण दूर करने तथा उनमें सुक्ष्म पौष्टिक मात्रा (Micro nutrients) को पूरा करने में सहायक होता है।

जैसा की आपको यह भी विदित है कि प्रदेश की सभी पाठशालाओं में मध्याह्न भोजन हेतु समस्त भोजन सामग्री एवम् सब्जियों का क्रय सम्बन्धित पाठशाला द्वारा स्थानीय स्तर पर किया जाता है, इसलिए उक्त प्रयोजन हेतु स्थानीय स्तर पर उगाई जाने वाली/उपलब्ध ताजा हरे पत्तेदार सब्जियों /अन्य हरी सब्जियों का क्रय/प्रबन्ध स्थानीय किसानों/स्थानीय स्तर पर करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त मध्याह्न भोजन योजना के अर्न्तगत सभी पाठशालाओं में School Nutrition Gardens (SNG's) विकसित किए जाए तथा इन (SNG's) से उत्पन्न सब्जियों का भी बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना के हेतू इस्तेमाल करना सुनिश्चित करें। अतः इस सन्दर्भ में आपसे निवेदन है कि तदनुसार आप प्रदेश की सभी पाठशालाओं में पी0 एम0 पोषण योजना के अर्न्तगत बच्चों को मध्याह्न भोजन के तहत प्रतिदिन ताजा हरी पत्तेदार सब्जियों/अन्य हरी सब्जियों का सेवन करवाना सुनिश्चित करें तथा कृत कारवाई से इस कार्यालय को समय–समय पर अवगत करवाने की कृपा करे ।

**कृप्या इसे अतिआवश्यक एंव महत्वपूर्ण समझें तथा मामले में व्यक्तिगत ध्यान देने की कृपा करे।**

भवदीय,

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001

पृष्ठांकन संख्यां : सम दिनांक शिमला – 171001 मई, 2024

प्रतिलिपिः–

1) संयुक्त सचिव, पी0 एम0 पोषण योजना भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–170115 को सूचनार्थ प्रेषित है।
2) सचिव (शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला –171002 को सूचनार्थ प्रेषित है।
3) अवर सचिव, पी0 एम0 पोषण योजना भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–170115 को सूचनार्थ प्रेषित है।
4) निदेशक, पी0 एम0 पोषण योजना भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–170115 को सूचनार्थ प्रेषित है।
5) निदेशक ( उच्चतर शिक्षा ) हिमाचल प्रदेश शिमला –171001 को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि आप उक्त दिशा–निर्देशों को समस्त उप निदेशक(उच्चतर शिक्षा), प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला एवम् मुख्याध्यापक राजकीय उच्च पाठशाला को अपने स्तर पर भी प्रषित करने की कृपा करे।
6) समस्त अध्यक्ष पाठशाला प्रबन्धन समिति (एस0एस0सी0) हिमाचल प्रदेश को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि वह उक्त दिशा–निर्देशों को प्रदेश की प्रत्येक पाठशाला में अमल करने हेतू अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की कृपा करे।
7) प्रभारी आई0टी0 सेल(आंतरिक) प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला –171001 से यह अनुरोध है कि उक्त दिशा–निर्देशों को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करे।
8) रक्षक नास्ति ।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
16 MAY 2024
शिमला-1

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश शिमला–171001